# 2019

# ELECTIVE HINDI

**Full Marks – 100**

**Pass Marks – 33**

**Time : Three hours**

*साधारण निर्देश :*

1. इस प्रश्न-पत्र के चार खण्ड हैं : क, ख, ग, घ।
2. प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।
3. प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।
4. उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।

## खण्ड – क

**(वाचनह्ल– 10 अंक)**

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या 1 से 3 तक के उत्तर लगभग ***20-20*** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या 4 से 7 तक के उत्तर **एक-एक** शब्द अथवा शब्द-समूह में लिखिए।

1. टिप्पण किसे कहते हैं ? 2
2. टिप्पण-लेखन में क्या-क्या लिखना जरूरी है ? 2
3. अच्छे टिप्पण की आवश्यक कसौटियाँ क्या हैं ? 2
4. 'Examiner' को हिन्दी में क्या कहते हैं ? 1
5. 'Responsibility' को हिन्दी में क्या कहते हैं ? 1
6. 'Judge' को हिन्दी में क्या कहते हैं ? 1
7. 'Income Tax Department' को हिन्दी में क्या कहते हैं ? 1

## खण्ड – ख
## (लेखन – 15 अंक)

8. मान लीजिए कि आप किसी एक राज्य के मुख्य मन्त्री हैं। कल आप अपने राज्य की जनता को 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' विषय पर भाषण देने जा रहे हैं। अतः आप इसी विषय पर लगभग ***90*** शब्दों में एक भाषण लिखिए। 7

9. मान लीजिए कि आप एक स्थानीय समाचार-पत्र के सम्पादक हैं। आप अपने समाचार-पत्र में छपवाने के लिए 'विद्यार्थी'-जीवन में पुस्तकालय के लाभ' विषय पर लगभग ***100*** शब्दों में एक सम्पादकीय लेख लिखिए। 8

## खण्ड – ग
## (व्याकरण –15 अंक)

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या 10 का उत्तर लगभग ***40*** शब्दों में तथा प्रश्न-पत्र 11 का उत्तर लगभग ***20*** शब्दों में लिखिए।

10. उपवाक्य किसे कहते हैं? उपवाक्य कितने प्रकार के होते हैं ? सोदाहरण लिखिए। 2+2=4

11. 'भक्ति' और 'श्रद्धा' समानार्थक शब्दों के अर्थ स्पष्ट कीजिए। 2

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या 12 से 18 तक के उत्तर **एक-एक** वाक्य या शब्द-समूह में लिखिए।

12. शुद्ध कीजिए – आशा है, आप कुशल हैं। 1

13. शुद्ध कीजिए – सीता बुरी तरह से जल गई। 1

14. शुद्ध कीजिए – उसने राधा को पानी लाया 1

15. 'ईद का चाँद होना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। 1

16. अपनी गली में कुत्ता भी शेर' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए। 1

17. 'आँखों से गिरना' मुहावरे को वाक्य में प्रयोग कीजिए। 1

18. 'एक हाथ से ताली नहीं बजती' लोकोक्ति को वाक्य में प्रयोग कीजिए। 1

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या 19 और 20 के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

19. 'किसी की उन्नति देखकर जलना' के लिए उपयुक्त मुहावरा कौन-सा है ? 1

(क) जमीन-आसमान एक करना (ख) लहू पसीना एक करना

(ग) कलेजे पर साँप लोटना (घ) अरमान निकालना

20. 'जिससे लाभ होता है, उसकी बातें भी सहनी पड़ती हैं।' के लिए उपयुक्त लोकोक्ति कौन-सी है? 1

(क) दुधारी गाय की लात भली

(ख) बिना अपने मरे स्वर्ग नहीं दीखता

(ग) आँख का अन्धा गाँठ का पूरा

(घ) जिसकी जूती उसी का सिर

**खण्ड – घ**

**(साहित्य – 60 अंक)**

**(पद्य : प्राचीन – 8 अंक; आधुनिक –12 अंक)**

21. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2+5=7

(क) रहिमन जिह्वा बावरी, कहिगी सरग पताल।

आपु तो कहि भीतर रही, जूती खात कपाल ।।

*अथवा*

(ख) हरति सब आरती राम की ।

दहन दुख दोष, निर्मूलिनी काम की ।।

22. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2+5=7

(क) भागो ऐ हमलावर! भागो

सोओ दुष्टो कभी न जागो

तड़ तड़ गोली चलती!

*अथवा*

(ख) मूठ बनाते चित्र खींच दे

थके हुए भूखे किसान का

उसपर माँ का प्यार सींच दे।

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या ***23*** का उत्तर लगभग ***40*** शब्दों में तथा प्रश्न-पत्र ***24*** का उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।

23. कवि किसके साथ और कैसे आकाश में लीन हो जाता है? स्पष्ट कीजिए। 4

24. रहीम के अनुसार मनष्य कब दीनबन्धु के समान हो सकता है? 1

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या 25 का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

25. कवि गोपालकृष्ण अडिग के अनुसार कौन बिष-पुरुष हो गए हैं? 1

(क) काले नाग

(ख) गुंडे

(ग) अभिमन्यु

(घ) नए देव-पुत्र

## (गद्य – 25 अंक)

26. नीचे लिखे गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2+5=7

(क) किसी के मनुष्य रूप में जन्म लेने के बाद उसके मन में अपनी मातृभूमि के प्रति प्रेम उत्पन्न न हो तो व्यक्ति एक विचित्र जीव ही माना जाएगा।

*अथवा*

(ख) स्त्री के सम्बन्ध में उन्हों ने बार–बार कहा क्योंकि स्त्री सदा से शोषित रही, तो उन्होंने स्त्री के लिए बहुत कहा, लेकिन उतना नहीं कर सके जितना करना चाहिए था।

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या 27 से 29 तक के उत्तर लगभग ***40-40*** शब्दों में लिखिए।

27. 'विफलता के इस मरुस्थल में अब एक बूँद आवेगी भी तो सूखकर खो जाएगा।'

—यह किसका कथन है? इस कथन का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए। 1+3=4

28. छोटी रानी के इलाज के लिए सेनापति चाचा ने क्या किया? 4

29. भारतीय स्त्रियों की मुक्ति के बारे में महादेवी वर्मा का विचार स्पष्ट कीजिए। 4

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या 30 से 32 तक के उत्तर ***एक-एक*** वाक्य में लिखिए।

30. जुए में जीती हुई दासी कौन थी? 1

31. 'मानसरोवर के हंस' कहानी का लेखक कौन है? 1

32. लेखक चाओबा मैतैलोन की तुलना किससे करता है? 1

*निर्देश:* प्रश्न-संख्या 33 से 35 तक के उत्तर प्रश्नों के नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

33. 'तुम्हारी महत्वाकांक्षा ही इस नर-संहार का, एस भीषण रक्तपात का मूल कारण है।' 1

उपर्युक्त कथन किसका है ?

(क) दुर्योधन का
(ख) युधिष्ठिर का
(ग) भीम का
(घ) संजय का

34. निम्नलिखित में से धर्मवीर भारती का लिखा लेख कौन-सा है? 1

(क) महाभारत की एक सांझ (ख) मानसरोवर के हंस

(ग) ठेले पर हिमालय (घ) महादेवी वर्मा से साक्षात्कार

35. सोमेश्वर की घाती से किस ओर कौसानी बसा हुआ है? 1

(क) पूर्व में (ख) पश्चिम में

(ग) उत्तर में (घ) दक्षिण में

**(पूरक पाठ्यपुस्तक – 15 अंक)**

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या 36 का उत्तर लगभग ***90*** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या 37 और 38 के उत्तर लगभग ***40-40*** शब्दों में लिखिए।

36. 'बापू के संस्मरण' *अथवा* 'सोना' लेख का सार लिखिए। 7

37. संस्कृति की पूर्वजों की अनुपम धरोहर क्यों कहा जाता है ? 4

38. धर्म और राजनीति के बारे में गाँधीजी ने क्या कहा ? 4

---